# क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान का इतिहास

- वर्ष 1966 में दक्षिण मध्य रेलवे के गठन के बाद परिचालन, वाणिज्य और लोको विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने हेतु 07 दिसंबर, 1972 को मौलाअली में क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गई, जिसका उद्घाटन श्री पी.एन. कौल, महाप्रबंधक/द.म.रे. ने किया.

- इसी उपलक्ष्य में, प्रत्येक वर्ष 07 दिसंबर को क्षे.रे.प्र.सं. स्थापना दिवस मनाया जाता है.

- क्षे.रे.प्र.सं./मौलाअली भारतीय रेलवे के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है और यह एक ऐतिहासिक स्थान मौलाअली, (हैदराबाद शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) की विरासत संरक्षण समिति' द्वारा पहचाने गए 11 विरासती स्थलों में से एक - 'मौला-अली दरगाह') में स्थित है.

- क्षे.रे.प्र.सं./मौलाअली सिकंदराबाद से लगभग 10 कि.मी. की दूरी पर है.

- क्षे.रे.प्र.सं. प्रशिक्षण कैंपस पहाड़ी चट्टान की तलहटी में 19.73 एकड़ क्षेत्र में फैले हरे-भरे भू-भाग के बीच स्थित है.

- अपनी स्थापना के दिन से ही यह संस्थान अकादमिक, मॉडल कक्षों, मॉडल, शिक्षण उपकरणों, कैंपस भू-भाग की हरियाली और प्रशिक्षणार्थियों के लिए सुविधाओं में सुधार कर रहा है.

- - - - -